शासन द्वारा मान्यता प्राप्त  संघ शक्ति कलयुगे  पंजी. 3473/12/11/1973

# मध्यप्रदेश पटवारी संघ

## जिला शाखा-अशोकनगर (म0 प्र0)


| अध्यक्ष- | कार्यकारी अध्यक्ष- | सचिव- |
| --- | --- | --- |
| बलवीर सिंह यादव | निर्मल सिंह रघुवंशी | त्रिलोक साहू |
| मो:- 9993938425 | मो:- 9981268920 | मो:- 9617930339 |

संरक्षक
कालूराम मेहरा
उपाध्यक्ष
जितेंद्र शर्मा
राकेश शुक्ला
अरविन्द योगी
कोषाध्यक्ष
सुदीप सोनी
सह-सचिव
मनीष सेन
राकेश भार्गव
संघठन मंत्री
बबीता रघुवंशी
शूकल्पलता बैगा
अरविन्द सेन
बृजभान माहौर
प्रवक्ता
अंकित जैन
प्रचार मंत्री
लोकेन्द्र शर्मा
अनेक सिंह लोधी
कार्यालय मंत्री
अनिल शर्मा
मीडिया प्रभारी
कृष्णभान यादव
जगभान यादव
गौरव त्यागी
तकनीकी सलाहकार एवं टंकन प्रभारी
पवन रघुवंशी
सुनील दत्त बराहदिया
अनुराग शर्मा


क्र0.......... दिनांक 18/11/2024

प्रति,

श्रीमान जिलाधीश महोदय,
जिला अशोकनगर (म0प्र0)

Received it
13/11/24

विषय:- पटवारियों की व्यवहारिक समस्याओं एवं लंबित मांगों के निराकरण के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत निवेदन है कि जिले में पदस्थ पटवारियों की व्यवहारिक समस्याएं एवं लंबित मांगें, निम्नानुसार है-

1. जिले में स्वामित्व योजना कार्य अंतिम चरण में है लेकिन पटवारियों को प्रतिग्राम 7500 रूपये का भुगतान आज दिनांक तक नहीं हुआ। अबिलंब इसका भुगतान करवाया जाये।
2. राजस्व महाअभियान 3.0 में बी 1 वाचन किया जाना है लेकिन पटवारियों को चालू खसरा खतौनी की मुद्रित प्रति आज दिनांक तक प्राप्त नहीं हुई है। अत: खसरा खतौनी की हार्ड कॉपी प्रदान की जाये।
3. नवीन पटवारियों को लैपटाप एवं मोबाइल प्रदान नहीं किये गये हैं जिससे राजस्व महाअभियान में कार्य करने में समस्या आयेगी। अत: लैपटाप एवं मोबाइल प्रदान किये जाये।
4. दिबंगत पटवारी श्री देवेंद्र रघुवंशी तहसील नईसराय की डीपीएफ एवं अर्जित अवकाश वेतन भुगतान नहीं किया गया है जिसका भुगतान अबिलंब करवाया जाये।
5. सीएम हेल्पलाइन में अधिकारियों द्वारा पटवारियों पर शिकायत के संतुष्टि पुर्वक बंद कराने हेतु अनावश्यक दबाव न बनाया जाये।
6. जिले में निलंबित चल रहे पटवारियों की बहाली की जाये एवं ऑफिस अटैच पटवारियों को हल्के पर पदस्थ किया जाये।

7. भूतपूर्व सैनिक पटवारीयों के पूर्व सेवाकाल को वर्तमान सेवाकाल में सम्मिलित किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जावे।
8. शनिवार, रविवार,एवं अवकाश के दिनों में अभियान के नाम पर पटवारियों से कार्य करवाया जाता है जो कि मानवअधिकारों का हनन है अतः इन दिवसों में सभी पटवारी कार्य से विरत रहेगें।

अतः श्रीमान जी से निवेदन है कि उक्त विंदुओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाकर समस्याओं का निराकरण किया जाये।

जिला अध्यक्ष
म.प्र. पटवारी संघ
जिला अशोकनगर (म.प्र.)

शासन द्वारा मान्यता प्राप्त    संघ शक्ति कलयुगे    पंजी. 3473/12/11/1973

# मध्यप्रदेश पटवारी संघ

## जिला शाखा-अशोकनगर (म0 प्र0)


अध्यक्ष- बलवीर सिंह यादव मो:- 9993938425

कार्यकारी अध्यक्ष- निर्मल सिंह रघुवंशी मो:- 9981268920

सचिव- त्रिलोक साहू मो:- 9617930339



संरक्षक
कालूराम मेहरा
उपाध्यक्ष
जितेंद्र शर्मा
राकेश शुक्ला
अरविन्द योगी
कोषाध्यक्ष
सुदीप सोनी
सह-सचिव
मनीष सेन
राकेश भार्गव
संघठन मंत्री
बबीता रघुवंशी
शूकल्पलता बैगा
अरविन्द सेन
बृजभान माहौर
प्रवक्ता
अंकित जैन
प्रचार मंत्री
लोकेन्द्र शर्मा
अनेक सिंह लोधी
कार्यालय मंत्री
अनिल शर्मा
मीडिया प्रभारी
कृष्णभान यादव
जगभान यादव
गौरव त्यागी
तकनीकी सलाहकार
एवं टंकन प्रभारी
पवन रघुवंशी
सुनील दत्त बराहदिया
अनुराग शर्मा


क्र0..........    दिनांक 18/11/2024

प्रति,

श्रीमान जिलाधीश महोदय,
जिला अशोकनगर (म0प्र0)

Recieved it
13/11/24

विषय:- राजस्व महाअभियान 3.0 के अंतर्गत नक्शा लिंकिंग में आ रही व्यवहारिक समस्याओं के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत निवेदन है कि राजस्व महाअभियान 3.0 के अंतर्गत पटवारियों को खसरा -नक्शा लिंकिंग में व्यवहारिक समस्याएं आ रही हैं, जो महोदय की ओर निम्नानुसार है-

1. बटांकन कार्य अति महत्वपूर्ण कार्य है जिसमें भूमि की चतुर्थ सीमा का माप लिया जाता है उसके बाद किसानों की सहमति उपरांत ही बटांकन प्रस्ताव तैयार कर स्वीक्रत किया जाता है। बिना भूमि का मापन कर बटांकन करने में भविष्य में किसानों के मध्य विवाद की स्थिति बन सकती है, पूर्व में कई ऐसे उदाहरण जिसमें मेडों को लेकर किसानों के मध्य विवाद हुये हैं।
2. पूर्व में हुये राजस्व महाअभियानों में नक्शा बटांकन कार्य व्रहद स्तर पर किया जा चुका है अब केवल विवादित अथवा किसी तकनीकि त्रुटि के कारण लंबित बटांकन ही शेष है जिसे सक्षम न्यायालय में बिना पक्षकार को सुने हुये नक्शा तरमीम कार्य न करवाया जाये।
3. जिला अशोकनगर में बंदोबस्त नहीं हुआ है जिसके कारण नक्शा व मौके की स्थिति में काफी भिन्नता है।
4. शामिल खसरा नंबरों(रकवा जुडा होने पर) का व्यपवर्तन हो जाने पर रकवा प्रथक नहीं हो रहा है अत: इस समस्या को दूर किया जावे।

अभियान के दौरान कार्य प्रगति हेतु अधिकारियों द्वारा अत्यधिक दबाव बनाकर कार्य न कराया जाये। इस दौरान जल्दबाजी में यदि गलत बटांकन हो गया जो पटवारियों को ही कोर्ट कचहरी के चक्कर लगाने होगें व किसान भी अनावश्यक परेशान होंगे जिससे किसानों के बीच शासन-प्रशासन की गलत छवि निर्मित होगी।

5. वर्तमान में वेबजीआईएस सॉफ्टवेयर में ऐसी व्यवस्था लागू कर दी गई है कि बिना नक्शा काटे खसरा में अमल होता ही नहीं है जिससे अब नवीन बटांकन लंबित नहीं होगें।
6. ईकेवायसी में भूलेख पोर्टल पर प्रदर्शित होने वाली सूची में संपूर्ण ग्राम का डैटा शो होता है इससे यह स्पस्ट नहीं हो पाता है कि किस क्रषक की ईकेवायसी लंबित है अत: डेटा में फिल्टर लगाकर केवल ईकेवायसी हेतु लंबित सूची उपलब्ध कराई जाये।
7. फार्मर रजिस्टी में किसान का संपूर्ण डेटा मैच होने पर भी नाम में भिन्नता मैसेज शो होता है इस समस्या को दूर किया जाये।
8. कार्य अधिकता के कारण सर्वर की समस्या रहती है जिसके कारण कम समय में होने वाला कार्य कई अधिक घंटों में संपन्न हो पाता है। आईटी टीम द्वारा कोई सहयोग प्रदान नहीं किया जाता है इस कारण पटवारियों को रात-रात जागकर काम करना पडता है।

अत: श्रीमान जी से निवेदन है कि उक्त विंदुओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाकर नक्शा बटांकन कार्य दबाव बनाकर नहीं कराया जाये, दबाव में त्रुटि होने की संभावना रहती है जिसके कारण भविष्य में विवाद की स्थिति निर्मित हो सकती है।

जिला अध्यक्ष
म.प्र. पटवारी संघ
जिला अशोकनगर (म.प्र.)